माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर

(पुँवारका, सहारनपुर, उ0प्र0, पिन–247120)

Website- msuniversity.ac.in Email ID – registrar@msuniversity.ac.in

पत्रांक : 767 / 07 / प्रशा0 / MSU / 2024–25 दिनांक : 12-08-24

सेवा में,

01. प्राचार्य / प्राचार्या
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय

02. समन्वयक शैक्षणिक
विश्वविद्यालय परिसर

विषय : आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत दिनांक : 13 अगस्त से 15 अगस्त, 2024 तक राष्ट्रीयता की भावना के साथ "हर घर तिरंगा अभियान" चलाये जाने एवं तिरंगा रैली निकाले जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक श्री राज्यपाल / कुलाधिपति के विशेष कार्याधिकारी, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के संलग्न पत्र संख्या– ई–6086 / 32–जी0एस0 / 2024, दिनांक : 12 अगस्त, 2024 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। जिसके द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत छात्र–छात्राओं, युवाओं एवं नागरिकों के मन में राष्ट्र प्रेम की भावना जागृत करने के उद्देश्य से दिनांक : 13 अगस्त से 15 अगस्त, 2024 तक राष्ट्रीयता की भावना एवं उत्हास के साथ "हर घर तिरंगा अभियान" चलाने जाने की अपेक्षा की गई है।

अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि संलग्न पत्र में दिये गये निर्देशों के अनुपालन में आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

संलग्नक – यथोपरि।

भवदीय,

(वीरेन्द्र कुमार मौर्य)
कुलसचिव

प्रतिलिपि अधोलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

01. श्री राज्यपाल / कुलाधिपति के विशेष कार्याधिकारी, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
02. समन्वयक, राष्ट्रीय सेवा योजना, माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर।
03. उपकुलसचिव।
04. कुलपति कार्यालय को कुलपति महोदय के सूचनार्थ।

कुलसचिव

VCO/71
12.08.2024

राज्यपाल सचिवालय,उत्तर प्रदेश,

लखनऊ–226027

संख्याः ई– 6086 / 32–जी0एस0 / 2024

दिनॉकः 12 अगस्त, 2024

प्रेषक,

श्री राज्यपाल / कुलाधिपति के विशेष कार्याधिकारी,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

सेवा में,

कुलपति / निदेशक,
समस्त राज्य विश्वविद्यालय / संस्थान,
उत्तर प्रदेश।

विषयः– **आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत दिनॉक 13 अगस्त से दिनॉक 15 अगस्त, 2024 तक राष्ट्रीयता की भावना के साथ "हर घर तिरंगा अभियान" चलाये जाने एवं तिरंगा रैली निकाले जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय / महोदया,

माननीय राज्यपाल / कुलाधिपति महोदया की प्रेरणा से आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत विगत वर्ष की भाँति इस वर्ष भी छात्र–छात्राओं, युवाओं एवं नागरिकों के मन में राष्ट्र प्रेम की भावना जागृत करने के उद्देश्य से दिनॉक 13 अगस्त से स्वतन्त्रता दिवस दिनॉक 15 अगस्त, 2024 तक राष्ट्रीयता की भावना एवं उत्साह के साथ "**हर घर तिरंगा अभियान**" चलाया जाना है। इस अभियान के अन्तर्गत स्वतन्त्रता दिवस से पूर्व विश्वविद्यालय एवं सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों में अध्ययनरत छात्र–छात्राओं, शिक्षकों, एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों द्वारा तिरंगा यात्रा रैली निकाल कर जनमानस का उत्साह वर्धन भी किया जाना है।

उक्त परिप्रेक्ष्य में मुझे आपसे यह कहने का निदेश हुआ है कि मा0 कुलाधिपति महोदया के निर्देशानुपालन में विश्वविद्यालय एवं सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों में दिनॉक 13 अगस्त से स्वतन्त्रता दिवस दिनॉक 15 अगस्त, 2024 तक राष्ट्रीयता की भावना के साथ "**हर घर तिरंगा अभियान**" पूर्ण उत्साह के साथ संचालित किया जाये एवं स्वतन्त्रता दिवस के पूर्व विश्वविद्यालय स्तर पर एवं सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों में अध्ययनरत छात्र–छात्राओं, शिक्षकों, एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों द्वारा "**तिरंगा–यात्रा रैली**" निकाल कर जनमानस, युवाओं का उत्साह वर्धन किया जाये।

भवदीय,

(डा0 पंकज एल0 जानी)
कुलाधिपति के विशेष कार्याधिकारी